कार्य पर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा

बचाव यहाँ आरम्भ होता है

ऑन्टेरियो का **व्यवसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा अधिनियम (Occupational Health and Safety Act)** *कामगारों को अधिकार देता है। यह नियोक्ताओं, पर्यवेक्षकों और कामगारों के लिए भूमिकाएँ निर्धारित करता है ताकि वे कार्यस्थल को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए एक साथ काम कर सकें।*

स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सुधारें:

- अपनी संयुक्त स्वास्थ्य एवं सुरक्षा समिति अथवा स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रतिनिधि के बारे में **पता लगाएं**।
- अपने नियोक्ता, पर्यवेक्षक, कामगारों, संयुक्त स्वास्थ्य एवं सुरक्षा समिति अथवा स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रतिनिधि से स्वास्थ्य एवं सुरक्षा चिंताओं के बारे में **बात करें**।

कार्यस्थल स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के बारे में जानकारी के लिए 1–877–202–0008 पर श्रम मंत्रालय को फोन करें

गंभीर चोटों, अपघातों, कार्य इंकारों की सूचना किसी भी समय दें।

कार्यस्थल स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जानकारी, सप्ताह के दिनों में सुबह 8.00 बजे से सायं 5.00 तक।

आकस्मिकता? हमेशा 911 को तुरंत फोन करें।

और अधिक ज्ञात करें:
ontario.ca/healthandsafetyatwork

कामगारों का अधिकार है:

- कार्यस्थल के खतरों और उनके बारे में क्या करें यह **जानना**।
- कार्यस्थल स्वास्थ्य और सुरक्षा की समस्याओं को सुलझाने में **भाग लेना**।
- उस काम को **मना करना** जिसे वे असुरक्षित मानते हैं।

कामगारों के लिए आवश्यक है:

- कानून और कार्यस्थल स्वास्थ्य और सुरक्षा नीतियों और प्रक्रियाओं का **पालन करना**।
- अपने नियोक्ता द्वारा अपेक्षित सुरक्षा उपकरण को **पहनना** और **उपयोग करना**।
- इस प्रकार **कार्य** एवं **क्रिया** करना जो स्वयं को अथवा किसी अन्य को चोट नहीं पहुँचाए।
- किसी भी खतरे या चोट को अपने पर्यवेक्षक को **रिपोर्ट करना**।

***नियोक्ताओं को** कानून का पालन करने और स्वास्थ्य और सुरक्षा चिंताओं को उठाने पर कामगारों के विरुद्ध **कार्रवाई नहीं करनी चाहिए**।*

नियोक्ताओं के लिए आवश्यक है:

- सुरक्षित रूप से काम करने के बारे में जानकारी, अनुदेश और पर्यवेक्षण उपलब्ध कराकर **सुनिश्चित करना** कि कामगार जोखिमों और खतरों के बारे में जानें।
- **सुनिश्चित करना** कि पर्यवेक्षक जानते हैं कि काम पर कामगारों के स्वास्थ्य की रक्षा और सुरक्षा के लिए क्या आवश्यक है।
- कार्यस्थल स्वास्थ्य और सुरक्षा नीतियों और प्रक्रियाओं का **निर्माण करना**।
- **सुनिश्चित करना** कि हर कोई कानून और कार्यस्थल स्वास्थ्य और सुरक्षा नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करता है।
- **सुनिश्चित करना** कि कामगार सही सुरक्षा उपकरणों को पहनते हैं और उपयोग करते हैं।
- कामगारों की चोट लगने या काम से संबंधित कोई बीमारी होने से रक्षा करने के लिए परिस्थितियों में उचित **सब कुछ करना**।

पर्यवेक्षकों के लिए आवश्यक है:

- जोखिमों और खतरों के बारे में कामगारों को **बताना**, और उनकी चिंताओं का उत्तर देना।
- कामगारों को **दिखाना** कि कैसे सुरक्षित रूप से काम करें, और **सुनिश्चित करना** कि वे कानून और कार्यस्थल स्वास्थ्य और सुरक्षा नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करते हैं।
- **सुनिश्चित करना** कि कामगार सही सुरक्षा उपकरणों को पहनते हैं और उपयोग करते हैं।
- कामगारों की चोट लगने या काम से संबंधित कोई बीमारी होने से रक्षा करने के लिए परिस्थितियों में उचित **सब कुछ करना**

© Queen's Printer for Ontario

श्रम मंत्रालय
ISBN 978-1-4435-9554-4 (PRINT)
ISBN 978-1-4435-9555-1 (PDF)
June 2012

Hindi

Ontario